

# अवैध अतिक्रमण की रामपुर तहसीलदार से जांच वापस

### मामला भरतपुर में अवैध निर्माण की जांच में तहसीलदार पर लगे गंभीर आरोप का, एसडीएम चुरहट ने शिकायत पर तहसीलदार चुरहट को सौंपी जांच






**सीधी 16 जून। अवैध अतिक्रमण की रामपुर तहसीलदार से जांच वापस ले ली गई है। मामला भरतपुर में अवैध निर्माण की जांच में तहसीलदार पर लगे गंभीर आरोप का है। एसडीएम चुरहट ने शिकायत पर तहसीलदार चुरहट को जांच सौंपी है।**

जिले के तहसील रामपुर नैकिन के तहसीलदार का दबंगई का वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम चुरहट विकास आनंद ने तहसीलदार रामपुर नैकिन अशीष मिश्रा से अवैध अतिक्रमण के मामले की जांच वापस लेकर तहसीलदार चुरहट को सौंप दी है। ग्राम पंचायत भरतपुर परिसर पर अवैध अतिक्रमण एवं संतोष पाण्डेय की भूमि पर अवैध अतिक्रमणकर्ता विश्वनाथ साहू पिता जमुना साहू निवासी भरतपुर के मामले में तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष मिश्रा के पक्षपात पूर्ण रवैये का वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम चुरहट विकास आनंद ने मामले को संज्ञान में लेते हुए उक्त प्रकरण की जांच रामपुर नैकिन तहसीलदार से वापस लेते हुए उक्त पूरे प्रकरण की जांच तहसीलदार चुरहट को सौंप दी है ताकि सही तरीके से अवैध अतिक्रमण की जांच हो सके। बताया गया है कि अतिक्रमणकर्ता विश्वनाथ साहू अपने मकान के सामने ग्राम पंचायत भरतपुर के पंचायत भवन की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है और अपने मकान के पीछे संतोष पाण्डेय निवासी भरतपुर की भूमि पर अवैध अतिक्रमण का प्रयास कर रहा है। जिस पर तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष मिश्रा ने स्वयं अवैध निर्माण कार्य पर रोंक लगाते हुए स्थगन जारी किये थे। बाद में राजनीतिक दबाव के चलते अवैध अतिक्रमणकर्ता की मदद करने का प्रयास करने लगे। उधर फरियादी संतोष पाण्डेय का कहना है कि विश्वनाथ साहू की जितनी भूमि खसरे में है तहसीलदार उसे नाप कर दे दें, मुझे कोई आपत्ति नहीं है किन्तु जो भूमि ज्यादा है उससे अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। शासकीय भूमि पर विश्वनाथ साहू के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाने का आदेश भी तत्कालीन एसडीएम चुरहट द्वारा तहसीलदार रामपुर नैकिन को किये जाने के बाद भी शासकीय भूमि से अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया गया जो विवाद का प्रमुख कारण बनता जा रहा है। सत्ता पक्ष के कुछ छुटभैया नेताओं के इशारे पर शासकीय भूमि पर से अवैध अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है। एसडीएम चुरहट विकास आनंद के उक्त निर्णय के बाद आम जनता को सही न्याय की उम्मीद जागी है।

**इनका कहना है**

फरियादी संतोष पाण्डेय के आवेदन पर उक्त प्रकरण की जांच तहसीलदार रामपुर नैकिन से वापस लेकर तहसीलदार चुरहट को सौंप दी गई है ताकि सही तरीके से मामले की जांच हो सकें।

**विकास आनंद, एसडीएम चुरहट**

तहसीलदार रामपुर नैकिन आशीष मिश्रा के पक्षपात पूर्ण रवैये से मैं संतुष्ट नहीं था। इस कारण एसडीएम चुरहट को आवेदन देकर उक्त मामले की जांच किसी अन्य सक्षम अधिकारी से कराने का निवेदन किया था। जिस पर एसडीएम चुरहट ने तहसीलदार रामपुर नैकिन से जांच हटा कर चुरहट तहसीलदार को सौंप दी है।

**संतोष पाण्डेय, निवासी भरतपुर**

# कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से न रहे वंचित : रीती

### जनकल्याण शिविर बना उम्मीदों का केन्द्र, 11 हजार से अधिक आए आवेदन




नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जून। प्रदेश शासन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक संचालित विशेष जनकल्याण अभियान के तहत विकासखंड सीधी में त्रिदिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया।**

जनपद पंचायत सीधी के सभागार में आयोजित इस शिविर का उद्देश्य शासन की जनहितकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना, पात्र हितग्राहियों का पंजीयन सुनिश्चित करना तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। इसी सोच के साथ जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां आमजन को एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागों की सेवाएं और योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचे, यही इस अभियान की सफलता का सबसे बड़ा पैमाना होगा। इन शिविरों के माध्यम से उन्हें योजनाओं से जोड़ने का व्यापक प्रयास किया जा रहा है जनपद पंचायत सीधी के सीईओ चंद्रलाल पनिका ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायतों के सहयोग से अब तक 11 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त किए जा चुके हैं। आगामी 3 दिनों में इस संख्या को और बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है ताकि अधिकतम पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जा सके। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आवेदन प्राप्त किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में विश्वबंधुधर द्विवेदी, पुनीत नारायण शुक्ल, पंकज पाण्डेय, पुष्पराज सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# रेलवे से प्रभावित परिसंपत्तियों का मिले उचित प्रतिकर : विश्वामित्र पाठक



नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जून। विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत ग्राम चंदवाही, देवरी, मटिहनी, बहेरा, गजरहा, गजरही, भितरी में रेलवे परियोजना से प्रभावित परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने भूअर्जन विभाग एवं रेलवे विभाग के अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लिया।**

इस दौरान विधायक विश्वामित्र पाठक ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि रेलवे लाइन निर्माण से प्रभावित किसानों की भूमि, आवास एवं अन्य परिसंपत्तियों का भूअर्जन अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप उचित मूल्यांकन कर उन्हें न्यायोचित प्रतिकर प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि जब तक प्रभावित परिवारों को नियमानुसार उचित मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक किसी भी किसान अथवा परिवार को अपने घर एवं भूमि खाली करने के लिए बाध्य न किया जाए। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्य आवश्यक हैं किन्तु विकास की कीमत किसानों एवं आमजन के अधिकारों का हनन करके नहीं चुकाई जा सकती। क्षेत्रीय किसानों एवं ग्रामीणजनों ने भी अपनी समस्याओं एवं मांगों से विधायक को अवगत कराया, जिस पर उन्होंने सभी मामलों के निराकरण हेतु भूअर्जन विभाग एवं रेलवे के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान राकेश शुक्ला एसडीएम, इंद्रभान सिंह तहसीलदार, मंडल अध्यक्ष पुष्पेन्द्र पाण्डेय, रेलवे के अधिकारी, संविदाकार प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, ग्रामीण जन एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में 510 आवेदनों पर हुई सुनवाई, कलेक्टर ने दिए त्वरित निराकरण के निर्देश



नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जून। आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में आज बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।**

जिला पंचायत सभागार में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर विकास मिश्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की कुल 510 शिकायतों एवं आवेदनों को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, अतिक्रमण, भूमि विवाद, निर्माण कार्य, पेंशन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक आवेदन को संवेदनशीलता के साथ लेते हुए निर्धारित समय-सीमा में उसका निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि नागरिकों को वास्तविक राहत मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निराकरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी आवेदन के निराकरण में अनावश्यक विलंब, उदासीनता अथवा लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनसुनवाई में अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत धनंजय मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा जनपद पंचायतों के सीईओ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल होकर प्राप्त प्रकरणों की जानकारी एवं निराकरण की प्रगति से अवगत कराते रहे।

# किसानों को किसी प्रकार की न हो असुविधा : विकास



नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जून। खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच किसानों सुगमता से उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टर विकास मिश्रा ने म.प्र. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के वितरण केन्द्र एवं भंडारण केन्द्र सीधी का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था का जायजा लिया।**

इस दौरान उन्होंने वितरण केन्द्र पर उपलब्ध उर्वरकों की स्थिति, किसानों को खाद वितरण की प्रक्रिया तथा व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसानों को खाद प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी या अनावश्यक इंतजार का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने सभी कृषि सहकारी संस्थाओं के प्रबंधकों को निर्देशित किया कि खाद वितरण पूरी पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए तथा किसानों को टोकन प्रदान कर क्रमवार उर्वरक उपलब्ध कराया जाए, जिससे भीड़भाड़ और अव्यवस्था की स्थिति निर्मित न हो।

# स्कूल चलें हम अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ, 30 तक मनाया जाएगा शाला प्रवेश उत्सव



नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जून। ग्रीष्मावकाश समाप्त होने के बाद जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में सोमवार से नवीन शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ हो गया। इसके साथ ही 16 से 30 जून तक स्कूल चलें हम अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।**

अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र बच्चे का विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करना, ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को पुन: शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का निर्माण करना है। कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में जिले भर में विशेष अभियान चलाकर ऐसे बच्चों की पहचान की जाएगी जो किसी कारणवश विद्यालय से दूर हैं। साथ ही उनका पुन: नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। नामांकन, कक्षोन्नति तथा ड्रॉपआउट विद्यार्थियों की प्रगति की सतत समीक्षा भी की जाएगी। विद्यार्थियों को समय पर पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि शैक्षणिक गतिविधियां सत्र के प्रारंभ से ही सुचारू रूप से संचालित हो सकें। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों का आत्मीय स्वागत किया जाएगा। बाल सभाओं, सांस्कृतिक एवं प्रेरक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही शासन की विभिन्न छात्र हितैषी योजनाओं की जानकारी अभिभावकों तक पहुंचाई जाएगी। विद्यालय प्रबंधन समितियों की बैठक आयोजित कर बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाएगी। कलेक्टर ने विद्यालयों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, बालिका शौचालयों की कार्यशीलता, साफ-सफाई तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही विज्ञान प्रयोगशालाएं एवं पुस्तकालय नियमित रूप से संचालित हों, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके। इन व्यवस्थाओं की समीक्षा निरीक्षण के दौरान की जाएगी। विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प भेंट कर एवं पाठ्य सामग्री प्रदान कर आत्मीय स्वागत किया गया।

## एक नजर में

### सीएमएचओ डॉ .बबिता खरे का स्थानांतरण



**सीधी।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी डॉ .बबिता खरे स्त्री रोग विशेषज्ञ का स्थानांतरण सीएच ब्यौहारी जिला शहडोल के लिये प्रशासकीय रूप से किया गया है। जारी आदेश में कहा गया है कि स्थानांतरित शासकीय सेवक के लिये यह अनिवार्य होगा कि वह स्थानांतरण आदेश जारी होने की तिथि से अधिकतम 7 दिवस की अवधि में कार्यमुक्त होकर नवीन पदस्थापना संस्था में विधिवत कार्यभार ग्रहण करे। कार्य ग्रहण ईएचआरएमएस पोर्टल पर लॉग इन के माध्यम से ही मान्य होगा। डॉ .बबिता खरे के स्थानांतरण के बाद सीधी का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कौन होगा इसको लेकर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है।

### आईटीआई प्रवेश पंजीयन व चॉइस फिलिंग 30 तक

**सीधी।** प्राचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सीधी ने जानकारी दी है कि जिले की सभी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न व्यवसायों (ट्रेडों) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 30 जून तक अपना पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। प्राचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर जाकर प्रवेश सेक्शन में उपलब्ध जानकारी के अनुसार पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं।

### जनजातीय कार्य विभाग के शिक्षकों का स्थानांतरण

**सीधी।** जनजातीय कार्य विभाग सीधी के शिक्षकों, लिपिक, जल वाहको, भृत्य की स्थानांतरण सूची जारी की गई। कलेक्टर द्वारा जारी स्थानांतरण सूची में शासकीय हाईस्कूल धुपखड की माध्यमिक शिक्षक अनादि मिश्रा का स्थानांतरण आदिवासी कन्या आश्रम गांधीग्राम, पीएमश्री हाईस्कूल गोतरा के उच्च . माध्यमिक शिक्षक रामचंद्र प्रजापति का स्थानांतरण आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट, आदिवासी कन्या आश्रम ताला की माध्यमिक शिक्षक श्रीमती भावना गुप्ता का स्थानांतरण आदिवासी कन्या शिक्षा परिसर सीधी के लिए किया गया है। वहीं प्राथमिक शाला चंकर टोला के शिक्षक अनुपम चतुर्वेदी का स्थानांतरण आदिवासी बालक आश्रम नौढ़िया शिकरगाह मझौली, प्राथमिक शाला ताला के शिक्षक सौरभ कुमार सिंह का स्थानांतरण प्राथमिक शाला ताला से आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चुरहट, प्राथमिक शाला डुहुकुरिया के सहायक शिक्षक श्रीमती गोमती कोल का स्थानांतरण आदिवासी कन्या आश्रम पोंड़ी के लिए किया गया है। सभी स्थानांतरण स्वैच्छिक हुए हैं। इसी तरह उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमी के सहायक ग्रेड-2 शिवप्रसाद कोल का स्थानांतरण कार्यालय सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सीधी, जल वाहक गया प्रसाद सोंधिया का स्थानांतरण आदिवासी बालक छात्रावास गिजवार से अनुसूचित जाति बालक छात्रावास रामपुर नैकिन, भृत्य रामलाल केवट माध्यमिक शाला रूंदा भदौरा संलग्न उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमछ का स्थानांतरण आदिवासी बालक छात्रावास खाम्ह के लिए किया गया है। उक्त स्थानांतरण प्रशासनिक रूप से हुए हैं। वहीं जल वाहक विवेक कुमार सिंह आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास सिहावल का स्थानांतरण स्वैच्छिक रूप से आदिवासी कन्या आश्रम कोचिला के लिए किया गया है।

# जनसुनवाई में पहुंचे फरियादियों की सुनी गई फरियाद, निष्पक्ष कार्रवाई के दिए निर्देश



नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जून। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन में आज 16 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सीधी में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी शिकायतें एवं समस्याएं प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक आवेदक की बात गंभीरताए संवेदनशीलता एवं धैर्यपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरितए निष्पक्ष एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान भूमि एवं संपत्ति विवाद, महिला संबंधी अपराध, पारिवारिक विवाद, साइबर अपराध, मारपीट, धोखाधड़ी, राजीनामा संबंधी प्रकरणों सहित अन्य कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों पर सुनवाई की गई। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की तथ्यपरक जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायत प्राप्त करना नहीं बल्कि प्रत्येक पीड़ित को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना है।

# पंचायतों में पांच उपयंत्रियों का तबादला

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जून। जिला पंचायत सीधी द्वारा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों एवं सेक्टरों में पदस्थ 5 उपयंत्रियों के स्थानांतरण आदेश जारी किए गए हैं।**

सीईओ जिला पंचायत सीधी द्वारा जारी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार उपयंत्री राघवेन्द्र द्विवेदी जपं मझौली से सेक्टर बरमबाबा जपं सीधी, देवेश द्विवेदी जपं रामपुर नैकिन से सेक्टर सेमरिया जपं सीधी, श्रीमती पूजा सिंह सेक्टर बंजारी जपं सीधी से सेक्टर धुम्मा जपं सीधी, अमर सिंह जपं कुसमी से सेक्टर खड्डी जपं रामपुर नैकिन, इन्द्रलाल सिंह सेक्टर दादर जपं मझौली से सेक्टर गिजवार स्थानांतरित किया गया है। आदेश में कहा गया है कि सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन पदस्थापना स्थल पर कार्यभार ग्रहण करना होगा।

# जिले में 54 पंचायत सचिवों का देर रात किया गया स्थानांतरण

### कई सचिव दूसरे जनपद पंचायत में हुए स्थानांतरित

नवभारत न्यूज

**सीधी 16 जून। जिला पंचायत सीधी ने पंचायत व्यवस्था में व्यापक बदलाव करते हुए जिले के 54 ग्राम पंचायत सचिवों का प्रशासनिक आधार पर स्थानांतरण कर दिया है। जारी आदेश के बाद पंचायत महकमे में हलचल तेज हो गई है।**

यह कार्रवाई म.प्र. शासन के सामान्य प्रशासन विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशों के तहत प्रभारी मंत्री की स्वीकृति के बाद की गई है। जनपद पंचायत कुसमी से स्थानांतरित पंचायत सचिवों में तेजभान सिंह कुंदौर से लुरघुटी, संतोष पनिका डेवा से कुंदौर, हर्षनारायण सिंह लुरघुटी से पोंडी, दीपक मिश्रा भुईमाड़ से केशलार, रावेन्द्र यादव जपं कुसमी से करैल, गुलाब सिंह रुंदा से अमरौला, विनीती भूर्तिया हरदी से ददरी शामिल हैं। जपं मझौली से सुरेश कुमार बैस नौढ़िया से खंतरा, महेन्द्र शुक्ला टिकरी से बकवा, सुधाकर सिंह महखोर से करौदिया रामपुर नैकिन, ऋषिकेश गुप्ता धुंआडोल से महखोर, ब्रहर्मेन्द्र मिश्रा सिलवार से उमरिया कुसमी शामिल हैं। जपं सिहावल के अमर बहादुर सिंह को पड़रिया से डोल, मोतीलाल द्विवेदी डोल से पड़रिया, शैलेन्द्र प्रताप सिंह पोखरा से गोतरा कुसमी, शशांक कुमार द्विवेदी मौहार से ददरीकला, राजबहोर गौतम महुआर से पिपराहा/इटवा खास, उमाशंकर पटेल कोदौरा से अमिलई रामपुर नैकिन, श्यामसुंदर पटेल हटवा खास से शिकरा मझौली, धर्मराज सिंह घोपारी से टमसार कुसमी, संदीप कुमार वर्मा चोराही से घोपारी, राजकुमार सिंह लिलवार से दुअरा, रामकृष्ण तिवारी दुधमनिया से पिपरहा, धर्मेन्द्र कु. दीक्षित दुअरा से हटवा, रामसजीवन पटेल राजगढ़ से हिनौती, अविनाश चतुर्वेदी पिपरहा से अमिलिया, तेजा प्रसाद पटेल चमरौहा से राजगढ़ शामिल हैं। जपं सीधी से दिनेश कुमार जायसवाल रामगढ़ नं.2 से पड़री, गौहर सिंह करुईखाड़ से रामगढ़ नं.2, सुधीर कुमार तिवारी बरिगवां नं.2 से चूल्ही, प्रवीण कु.द्विवेदी ओबरहा से कुबरी, विजय सिंह सेंगर करगिल से रामगढ़ नं.1, रीता सिंह धनखोरी से कोचिला रामपुर नैकिन, सत्यदेव सिंह देवगढ़ से बहेरा पश्चिम, नागेश्वर द्विवेदी बहेरा पश्चिम से पटेहरा कला, कृष्णकुमार जायसवाल कोचिला से जमुनिहा कला, सूरज अग्रहरी छवारी से जमोड़ी सेगरान, विजय सिंह पड़ैनिया खुर्द से सरेठी, उर्मिला सिंह चूल्ही से चिलरीकला शामिल हैं। जपं रामपुर नैकिन से सुरेन्द्र कुमार पाण्डेय हनुमानगढ़ से झगरी, पवन कुमार मिश्रा झगरी से मधुगांव उत्तर सीधी, शिवकुमार गौतम डढ़िया से पटेहर, मनोज कुमार शुक्ला पटेहरा से सलैया सीधी, रवि कुमार पाण्डेय कुशमहर से डिहुली सीधी, रामरूप विश्वकर्मा बूसी से कुशमहर, दुष्यंत सिंह पैपखरा से बस्तुआ कुसमी, अरविंद कु. गुप्ता मड़वा से उमरिहा, अंजनी कुमार पटेल पड़खुरी 586 से कपुरी बैदौलियान, रामदरश पाण्डेय कपुरी बैदौलियान से पड़खुरी 586, विद्याशंकर द्विवेदी अमिलई से कमर्जी सीधी, रामदुरेश कुशवाहा चकड़ौर से बडेसर, रामदुलारे रावत धनहा से इटहा, सुरेन्द्र पाण्डेय हनुमानगढ़ से झगरी शामिल हैं।

### 26 रोजगार सहायकों का हुआ स्थानांतरण

जिला पंचायत सीधी के सीईओ द्वारा जारी आदेश के तहत जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों में पदस्थ 26 ग्राम रोजगार सहायकों का स्थानांतरण किया गया है। जिसमें मझौली जनपद पंचायत से रोजगार सहायक नितेश पाण्डेय दोहरीटोला से छुई, आशीष द्विवेदी धनौली से नेबूहा, सुधीर सिंह ठेंगा से धनौली, प्रदीप कुमार गुप्ता ताला से चमराडोल, राजराजन गुप्ता जमुआ नं .2 से ठेंगा स्थानांतरित किए गए हैं। कुसमी जनपद पंचायत से रोजगार सहायक रजनीश द्विवेदी रूंदा से गुडुआधार, दिलीप सोंधिया लुरघुटी से कोटा, राज बहादुर साहू कोटा से लुरघुटी, राजकुमार मिश्रा जनपद कुसमी से भगवार, रामशरण साकेत भगवार से रूंदा, संतोष पाठक वस्तुआ से ददरी, संजीत कुमार सिंह ददरी से वस्तुआ, शिवम सिंह पौड़ी से अमगांव स्थानांतरित किए गए हैं। सिहावल जनपद पंचायत में रोजगार सहायक प्रदीप सिंह चौहान अमरपुर से डड़िया, भोला प्रसाद कुशवाहा लौआ से दुबरा, मनीष सिंह अमिलिया से चोरगढ़ी जपं रामपुर नैकिन, धीरेंद्र सिंह पड़रिया से बारी जपं सीधी, बृजेश यादव भरही से खोचीपुर, रमेश गुप्ता खोचीपुर से भरही, बैकुंठ सिंह रामडीह से डोल, अंकिकेश शुक्ला डोल से रामडीह स्थानांतरित किए गए हैं। सीधी जनपद पंचायत में रोजगार सहायक भूपेन्द्र बहादुर सिंह बरहाई से भगोहर, अरुण सिंह चौहान सुकवारी मझगवां से पनवार चौहान टोला, विनय गुप्ता जमोड़ी कला से बरहाई, विद्याचरण गौतम बबछ से चिलरीकला स्थानांतरित किए गए हैं। रामपुर नैकिन जनपद पंचायत में रोजगार सहायक विजय सिंह नैकिन से बघवार स्थानांतरित किए गए हैं। जिला पंचायत द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि संबंधित ग्राम रोजगार सहायकों का पूर्व ग्राम पंचायत से किया गया अनुबंध स्वत : समाप्त माना जाएगा।